DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 20 दिसंबर 2025

# सरकारी स्टाफ को 25% डिस्काउंट पर फ्लैट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डीडीए ने शुक्रवार को कर्मयोगी आवास योजना का ब्रॉशर लॉन्च किया। डीडीए के अनुसार, स्कीम में 'पहले आओ पहले पाओ' के तहत फ्लैट मिलेंगे। फ्लैट की बुकिंग 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। सरकारी कर्मचारियों को 25 प्रतिशत तक का डिस्काउंट मिलेगा।

यह स्कीम सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए है। रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और

कर्मयोगी आवास योजना



सैंपल फ्लैट्स भी देख सकते हैं। पॉकेट-9, सेक्टर ए1 से ए4 नरेला के फ्लैट्स उतारे गए हैं। इसमें 1बीएचके, 2बीएचके और 3बीएचके फ्लैट्स शामिल हैं। स्कीम 31 मार्च 2026 को बंद हो जाएगी। 3बीएचके फ्लैट बुकिंग के लिए दस लाख, 2बीएचके के लिए चार लाख और 1बीएचके के लिए बुकिंग अमाउंट 50 हजार रुपये है। सभी फ्लैट्स रेडी टु मूव हैं।

डीडीए के मुताबिक डिमांड-कम-अलॉटमेंट लेटर जारी होने के 60 दिनों में फ्लैट की पूरी कीमत देनी होगी। इसके बाद भी 30 दिन तक फ्लैट की कीमत दी जा सकती है, लेकिन इस पर 10 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज लगेगा। आमतौर पर फ्लैट बुक करवाने के 24 घंटों के अंदर डिमांड-कम-अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिया जाता है। यह ऑनलाइन जारी होगा। इसकी जानकारी SMS और ईमेल के जरिए दी जाएगी। स्कीम में कुल 1168 फ्लैट्स हैं। 1बीएचके के फ्लैट्स की कीमत डिस्काउंट के बाद 34.03 से 34.26 लाख रुपये, 2बीएचके की कीमत 79.81 से 88.16 लाख रुपये और 3बीएचके की कीमत 1.14 से 1.27 करोड़ रुपये है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— हिन्दुस्तान — नई दिल्ली रविवार 21 दिसंबर 2025 DATED—

## पीएम उदय योजना के लिए आज कैंप लगेंगे

दिल्ली विकास प्राधिकरण की तरफ से पीएम उदय (प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनियों में आवास अधिकार योजना) को लेकर रविवार को कई स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे। यह सिंगल विंडो कैंप फेज 2 के तहत लगाए जा रहे हैं। इसमें योजना को लेकर लोगों की सहायता की जाएगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI MONDAY, DECEMBER 22, 2025 ----DATED------------------

## DDA begins bookings under Karmayogi Awaas Yojna

**New Delhi:** DDA will begin bookings for flats under Karmayogi Awaas Yojna from Jan 14, with the scheme remaining open until March 31, officials said. Under the scheme, 3-BHK, 2-BHK and 1-BHK flats are being offered in Pocket 9, Sector A1 to A4, Narela, at a 25% discount to serving and retired employees of central and state govts, PSUs, local bodies, autonomous bodies and govt universities. The flats will be allotted on a first-come first-serve basis. Interested applicants can apply online to book a specific flat. TNN

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 22 दिसंबर, 2025

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान ---- नई दिल्ली सोमवार 22 दिसंबर 2025

# डीडीए की कर्मयोगी आवास योजना में 14 जनवरी से करें बुकिंग

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कर्मयोगी आवास योजना का ब्रोशर जारी कर दिया है। इस योजना के तहत फ्लैट की बुकिंग 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। डीडीए ने सभी सरकारी कर्मचारियों से कहा है कि यदि आप इस योजना के तहत आवेदन करना चाहते हैं तो ब्रोशर पढ़ लें। फ्लैट 'पहले आओ, पहले पाओ' के तहत मिलेंगे। सरकारी कर्मचारियों को फ्लैटों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट की मिलेगी।

यह योजना सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए है। योजना के तहत रजिस्ट्रेशन अभी करवाया जा सकता है। साथ ही योजना में सैंपल फ्लैट भी देखे जा सकते हैं। योजना में पाकेट नौ, सेक्टर ए वन से ए चार नरेला के फ्लैट शामिल किए गए हैं। इसमें वन बीएचके, टू बीएचके और थ्री बीएचके फ्लैट शामिल हैं। योजना 31 मार्च 2026 को बंद हो जाएगी। थ्री बीएचके फ्लैट बुकिंग के लिए दस लाख, टू बीएचके के लिए चार लाख और वन बीएचके लिए बुकिंग अमाउंट 50 हजार रुपये है। सभी फ्लैट रहने के लिए तैयार हैं। डीडीए के मुताबिक डिमांड कम अलाटमेंट लेटर जारी होने के 60 दिनों में फ्लैट की पूरी कीमत देनी होगी। इसके बाद भी 30 दिन तक फ्लैट की कीमत दी जा सकती है, लेकिन इस पर 10 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज लगेगा। डीडीए के मुताबिक, आमतौर पर फ्लैट बुक करवाने के 24 घंटों में डिमांड कम अलाटमेंट लेटर जारी कर दिया जाता है। यह आनलाइन ही जारी होगा।

# कर्मयोगी आवास योजना के लिए पंजीकरण जारी

कर्मयोगी आवास योजना के पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। इसकी बुकिंग प्रक्रिया 14 जनवरी से शुरू होगी और 31 मार्च तक जारी रहेगी। इसमें पहले चरण में नरेला में तैयार कुल 1168 फ्लैट के लिए सभी कार्यरत एवं सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे।